समाचार

निगम के प्रतिष्ठानों में पूजे गए देवशिल्पी

(महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने कर्मशाला व डब्ल्यू.टी.प्लांट पहुंचकर की भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना)

कोरबा 17 सितम्बर 2019 —नगर पालिक निगमकोरबा के प्रतिष्ठानों में देवशिल्पी भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना धूमधाम के साथ सम्पन्न हुई। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने निगम की कर्मशाला एवं डब्ल्यू.टी.प्लांट में पहुंचकर भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना की तथा नगर के सर्वांगीण विकास व आमजन की सुख समृद्धि की कामना की। इस मौके पर निगम के सभापति धुरपाल सिंह कंवर, पार्षद मनहरण राठौर, पूर्व सभापति संतोष राठौर, अर्चना उपाध्याय, कुसुम द्विवेदी, सपना चौहान, निगम के अपर आयुक्त अशोक शर्मा, मुख्य लेखाधिकारी पी.आर.मिश्रा, अधीक्षण अभियंता ग्यास अहमद, कार्यपालन अभियंता एम.के.वर्मा, ए.के. शर्मा, आर.के. माहेश्वरी, आर.के.भोजासिया, एम.एन. सरकार, आर.के. चौबे, स्वास्थ्य अधिकारी व्ही.के. सारस्वत ने भी पूजा अर्चना की।

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी देवशिल्पी भगवान विश्वकर्मा की जयंती के पावन अवसर पर नगर पालिक निगम कोरबा के प्रतिष्ठानों में देवशिल्पी की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना का कार्यक्रम रखा गया था, निगम की कर्मशाला एवं कोहड़िया स्थित जलउपचार संयंत्र में प्रतिमाएं स्थापित की गई थी। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने उक्त दोनों प्रतिष्ठानों में पहुंचकर देवशिल्पी की पूजा अर्चना की तथा नगर के सर्वांगीण विकास व आमनागरिकों की सुख समृद्धि की कामना की। सहायक अभियंता विवेक रिछारिया, तपन तिवारी, रमेश सूर्यवंशी, योगेन्द्र देवांगन, अरूण बघेल, गोयल सिंह विमल, हरिशंकर साहू, महावीर राठौर, बलराम, अजय प्रधान, द्वासराम साहू, मदन मोहन दिव्य, इमरान खान, शाहिद बेग, सुदर्शन साहू, भूपेन्द्र गभेल, रवि खुंटे, आलेख सहित निगम की कर्मशाला एवं जल उपचार संयंत्र तथा निगम के अन्य अधिकारी कर्मचारीगणों ने भी देवशिल्पी भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना की।